# बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड,

## मॉरिसन भवन, गोलघर के नजदीक, पटना–800001

विज्ञापन सं0–228/25 दिनांक– 24/06/2025

बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड, पटना में संविदा के आधार पर नियोजन हेतु वांछित योग्यता एवं अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों से निम्नांकित पदों हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः–

| क्र0 सं० | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | महाप्रबंधक | 01 |
| 02 | उप–महाप्रबंधक (वित्त) | 01 |
| 03 | उप–महाप्रबंधक (संचालन) | 01 |
| 04 | कम्पनी सचिव | 01 |
| 05 | प्रबंधक (फिल्म) | 01 |
| 06 | प्रबंधक (आई०टी०) | 01 |
| 07 | प्रबंधक (एच०आर०) | 01 |
| 08 | प्रबंधक (वित्त) | 01 |
| 09 | प्रबंधक (योजना) | 01 |
| 10 | सहायक प्रबंधक (फिल्म) | 01 |
| 11 | सहायक प्रबंधक (आई०टी०) | 01 |
| 12 | सहायक प्रबंधक (एच०आर०) | 01 |
| 13 | सहायक प्रबंधक (वित्त) | 01 |
| 14 | सहायक प्रबंधक (योजना) | 01 |
| 15 | कार्यपालक सहायक (सामान्य) | 03 |
| 16 | कार्यपालक सहायक (लेखा) | 02 |
| 17 | कार्यालय परिचारी | 04 |
| | कुलः– | 23 |

आवेदन प्राप्त समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक– 21.07.2025, अपराहन् 3:00 बजे तक।

**सामान्य निर्देशः–**

1. योग्यता एवं अनुभव उत्कृष्टता के आधार पर संबंधित पद के लिए चयन किया जाएगा।
2. **संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति को बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड के नियमित सेवक के रूप में मान्यता नहीं होगी और नियोजन के पश्चात् नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।**
3. अनुबंध के आधार पर उपरोक्त नियुक्तियाँ तत्काल दो (02) वर्ष के लिए होगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तथा आवश्यकता रहने पर अवधि विस्तार किया जा सकता है। इस बीच कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर या आवश्यकता नहीं रहने पर या अन्य प्रशासनिक कारणों से एक माह के नोटिस पर संविदा समाप्त की जा सकती है।
4. संविदा के आधार पर नियोजित कर्मी को नियमित कर्मियों की तरह अवकाश अनुमान्य नहीं होगा। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–1003 दिनांक–22.01.2021 में निहित प्रावधानों के आलोक में अवकाश अनुमान्य होगा।
5. नियोक्ता एवं अनुबंध के आधार पर नियुक्ति किये जाने वाले व्यक्ति के बीच विहित प्रपत्र में एकरारनामा सम्पन्न किया जायेगा।
6. इस नियोजन में आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जाएगा।
7. सभी पदों के लिए आवेदन विहित प्रपत्र में सभी अनुलग्नकों सहित बंद लिफाफे में दिनांक–21.07.2025, अपराहन 3:00 बजे तक महाप्रबंधक, बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड, मॉरिसन भवन, गोलघर, पटना–800001 के पते पर केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदन ही मान्य होंगे।

विज्ञापित पदों से संबंधित अहर्त्ताओं एवं अन्य जानकारियाँ तथा विहित प्रपत्र https://state.bihar.gov.in/yac एवं https://film.bihar.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

24/6/25

महाप्रबंधक
बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त
निगम लि0, पटना